# शव वाहन के हेल्पर को टक्कर मारी

रतलाम. नगर निगम के शव वाहन के हेल्पर को आजाद पिता पिंकेश के वाहन को मेडिकल कॉलेज के पास सैलाना रोड पर एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक पर केस दर्ज किया है।

पुलिस ने बताया हिम्मत विहार कालोनी निवासी आजाद पिता पिंकेश ने बताया कि वह नगर निगम के शव वाहन में हेल्पर है। गुरुवार को निगम की पलसोडा स्थित वर्कशाप से बाइक से आ रहा था। मेडिकल कालेज के सामने एक वाहन तेजी से आया और उसे टक्कर मार दी।

पत्रिका

पत्रिका 11/12/21

# सीसी रोड पर डामर से कर रहे पेचवर्क



रतलाम | ये फोटो लोक निर्माण विभाग के सामने की सड़क का है। सीवरेज की मेन लाइन डालने के लिए यहां सीमेंट-कांक्रीट की सड़क की खुदाई की। इसके बाद पेचवर्क किया था, लेकिन बारिश में यह उखड़ गया। अब फिर डामर का पेचवर्क किया जा रहा है। शुक्रवार को दिनभर पेचवर्क का काम चलता रहा। फोटो | चिंटू मेहता

भास्कर

दै. भास्कर 11/12/21

# आज आएंगे मुख्यमंत्री श्री चौहान

रतलाम। प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान आज रतलाम आएंगे। यहां वह निरीक्षण सहित एक अन्य कार्यक्रम में शामिल होंगे। वे यहां लगभग ढ़ाई घंटे तक रूकेंगे। इसके बाद भोपाल के लिए रवाना हो जाएंगे।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री श्री चौहान प्रातः 11 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा बंजली हवाई पट्टी आएंगे और स्थानीय कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। मुख्यमंत्री इसी दिन दोपहर 12.30 बजे बंजली हवाई पट्टी से प्रस्थान कर जाएंगे। इस दौरान वह मेडिकल कॉलेज भी पहुंचेंगे और अन्य कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## प्रभारी मंत्री भी आएंगे

प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री तथा रतलाम जिले के प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया आज रतलाम आएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री 11 दिसंबर को प्रातः 7.30 बजे रतलाम सर्किट हाउस आएंगे। इसके पश्चात प्रातः 10.45 बजे बंजली हवाई पट्टी के लिए प्रस्थान करेंगे। इसके पश्चात प्रातः 11 बजे से मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के साथ कार्यक्रमों में सम्मिलित रहेंगे।

नवभारत 11/12/21

# मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज रतलाम आएंगे

रतलाम। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 11 दिसंबर को रतलाम आएंगे। आधिकारिक जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री श्री चौहान 11 दिसंबर को प्रातः 11 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा बंजली हवाई पट्टी आएंगे और स्थानीय कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। मुख्यमंत्री इसी दिन दोपहर 12.30 बजे बंजली हवाई पट्टी से प्रस्थान कर जाएंगे।

राज एक्सप्रेस 11/12/21

# प्रभारी मंत्री आज रतलाम आएंगे

रतलाम। प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री तथा रतलाम जिले के प्रभारी मंत्री ओ.पी.एस. भदौरिया 11 दिसंबर को रतलाम आएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री 11 दिसंबर को प्रातः 7.30 बजे रतलाम सर्किट हाउस आएंगे।

## कार्यक्रम में शामिल होंगे

इसके पश्चात प्रातः 10.45 बजे बंजली हवाई पट्टी के लिए प्रस्थान करेंगे। इसके पश्चात प्रातः 11 बजे से मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के साथ कार्यक्रमों में सम्मिलित रहेंगे।

## मास्क नहीं, 81 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम. शहर में नगर निगम ने शुक्रवार को बगैर मास्क घर से निकलने वाले 81 लोगों पर अर्थदंड किया है। इसके अलावा शहर में कही भी कचरा डालने वाले 29 लोगों पर भी दंड लगाया गया है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया खुले में गंदगी करने पर 100 रुपए से लेकर 200 रुपए का दंड 29 लोगों पर लगाया गया। इसके अलावा निगम के स्पाट फाइल दल ने अलग-अलग क्षेत्र में जाकर बगैर मास्क निकलने वाले 81 लोगों से 100-100 रूपये का स्पॉट फाईन कर मास्क अनिवार्य रूप से लगाने को कहा गया।

## माही विहार व योगी विहार में पाइपलाइन से मिलेगा पानी

रतलाम। शहर विधायक चेतन्य काश्यप व कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार रतलाम विकास प्राधिकरण की माही विहार व योगी विहार कालोनी के नागरिकों को निगम की मुख्य पेयजल पाइपलाइन से पानी उपलब्ध कराया जाएगा। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशन में कालोनी की पाइपलाइन को मुख्य लाइन से जोड़ने का कार्य पूर्ण किया गया। निगम आयुक्त ने बताया कि रतलाम विकास प्राधिकरण की उक्त दोनों कालोनी के नागरिकों को धोलावाड़ का मीठा पेयजल उपलब्ध कराने के लिए मुख्य पाइपलाइन से कनेक्शन दिया गया है।

## माही विहार व योगी विहार को मुख्य पेयजल पाइप लाइन से जोड़ा

रतलाम. रतलाम विकास प्राधिकरण की माही विहार व योगी विहार कालोनी के नागरिकों पेयजल उपलब्ध कराने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया निर्देशों के बाद कालोनी की पाईप लाईन को मुख्य पेयजल पाईप लाईन से जोड़ने का कार्य पूरा कर लिया गया है। निगम आयुक्त झारिया ने बताया कि रतलाम विकास प्राधिकरण की उक्त दोनों कालोनी के नागरिकों को धोलावाड़ का मीठा पेयजल उपलब्ध कराये जाने कालोनी की पाईप लाईन को मुख्य पाईप लाईन से जोड़ा जा चुका है। रहवासियों द्वारा नल कनेक्शन लिये जाने पर पेयजल की वितरण शुरू कर दिया जाएगा।

## माही और योगी विहार क्षेत्र में मिलेगा भरपूर पानी

रतलाम | नगर निगम ने रतलाम विकास प्राधिकरण (आरडीए) द्वारा विकसित की गई माही विहार और योगी विहार कॉलोनियों में पेयजल पाइप लाइन का कनेक्शन जोड़ दिया है। रहवासियों को भरपूर पानी मिल सकेगा। विधायक चेतन्य काश्यप के निर्देश पर निगम ने दोनों कॉलोनियों की लाइन को धोलावड़ की पाइप लाइन से जोड़ दिया। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया दोनों कॉलोनियों में क्षेत्र के शेड्यूल के हिसाब से पेयजल सप्लाई किया जाएगा।

# लोक अदालत में 13 हजार से ज्यादा प्रकरण रखे जाएंगे

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। देशभर के साथ ही 11 दिसंबर को जिले में भी नेशनल लोक अदालत आयोजित की जाएगी। इसमें आपराधिक व प्रीलिटेशन के समझौता योग्य 13 हजार से अधिक मामले निराकरण के लिए रखे जाएंगे। इनमें न्यायालयों में लंबित 4454 व प्रीलिटिगेशन (मुकदमा पूर्व) के 9224 प्रकरण शामिल हैं। इसके अलावा निष्प्रभावी हो चुके 53 आपराधिक मामलों का भी निराकरण किया जाएगा। लोक अदालत के लिए जिले मुख्यालय पर 18, तहसील न्यायालय जावरा में नौ, आलोट मे छह व सैलाना में तीन खंडपीठों का गठन किया गया है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष व प्रधान जिला न्यायाधीश राजेशकुमार गुप्ता ने शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि लोक अदालत में नगर निगम व अन्य विभागों द्वारा बिलों की बकाया राशि जमा कराने पर छूट भी दी जा रही है। लोक अदालत में राजीनाम योग्य प्रकरण निराकरण के लिए रखे जाएंगे। वहीं जो राजीनामा योग्य प्रकरण नहीं है, लेकिन उन्हें जुर्माना कर समाप्त किया जा सकता है। निष्प्रभावी श्रेणी के 53 आपराधिक प्रकरणों का भी निराकरण किया जाएगा। जिला मुख्यालय में खंडपीठ क्रमांक आठ में बिजली विभाग के समस्त प्रीलिटिगेशन के प्रकरण व खंडपीठ क्रमांक दस में बीएसएनएल, फाइनेंस कंपनियों आदि के प्रकरण प्रस्तुत किए जाएंगे। इस अवसर पर जिला न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव अरुण श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे। नई।

नईदुनिया 11/12/21

# सड़क के गड्ढे भरे, हवाई पट्टी पर इंतजाम पूरे



शासकीय मेडिकल कालेज मे जायजा लेते हुए संभागायुक्त संदीप यादव। ● नईदुनिया

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान शनिवार सुबह 11 बजे विमान से बंजली हवाई पट्टी पर पहुंचेंगे। सीएम के दौरे को लेकर शुक्रवार को दिन भर तैयारी चलती रही। हवाई पट्टी से अमृत गार्डन तक सड़क की मरम्मत कर आवागमन को लेकर रिहर्सल भी की गई। सीएम 11 बजे रतलाम आने के बाद दोपहर 12:30 बजे इंदौर के लिए रवाना होंगे। वे जावरा विधायक डा. राजेंद्र पांडेय के बेटे के विवाह समारोह में भी शामिल होंगे।

सीएम के दौरे को लेकर शुक्रवार सुबह संभागायुक्त संदीप यादव रतलाम पहुंचे। रतलाम कलेक्टोरेट स्थित एनआइसी कक्ष में पहुंचकर निर्वाचन आयोग की वीडियो कांफ्रेंस में शामिल होने के बाद संभागायुक्त ने मेडिकल कालेज पहुंच कर सीएम दौरे की तैयारियों का जायजा लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, एसपी गौरव तिवारी, अपर कलेक्टर एमएल आर्य, सीईओ जिला पंचायत जमुना भिड़े, एसडीएम अभिषेक गहलोत, डिप्टी कलेक्टर कृतिका भीमावद, मेडिकल कालेज के डीन डा. जितेंद्र गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

**प्रभारी मंत्री सुबह 7:30 बजे आएंगे:** नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया 11 दिसंबर को प्रात: 7:30 बजे रतलाम सर्किट हाउस आएंगे। वे प्रात: 11:00 बजे से मुख्यमंत्री के साथ कार्यक्रमों में शामिल रहेंगे।

नईदुनिया 11/12/21

**शहर के 59 कंसलटेंट को निगम ने थमाए नोटिस**

# तीन दिन में जानकारी नहीं तो लाइसेंस किया जाएगा निरस्त

रतलाम. नगर निगम में 59 कंसलटेंट को नोटिस जारी कर दिए है। आयुक्त सोमनाथ झारिया के अनुसार अपने-अपने क्षेत्रों में तीन दिन में इंजीनियरों के माध्यम से अनुमति के विपरित व स्वीकृत मानचित्र के विपरित निर्माण करने वाले भवन स्वामियों की जानकारी देना होगी। यह नहीं करने पर लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा।

शहर में अवैध निर्माण व बगैर मंजूरी के हो रहे धड़ल्ले से निर्माण के खिलाफ निगम ने कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशों के बाद मोर्चा खोला हुआ है। निगम उपयंत्रियों व सहायकयंत्री की वेतनवृद्धि रोकी जाती रही है, अब कंसलटेंट के खिलाफ भी कार्रवाई करने का निर्णय नगर निगम ने ले लिया है।

## इनको नोटिस

बता दे कि कंसलटेंट को पहली बार इस प्रकार के नोटिस जारी हुए है। इसके पूर्व निगम आयुक्त झारिया ने दो बार नगर निगम के लोकनिर्माण विभाग के सहायक यंत्री व उपयंत्रियों के वेतन वृद्धि रोकने के आदेश जारी कर नोटिस जारी कर चुके है। आयुक्त के अनुसार अब तक वेतन रोकने के नोटिस जारी हुए है, काम के तरीके में सुधार नहीं किया गया तो निलंबन की कार्रवाई भी की जाएगी। इसके लिए जिनको नोटिस गुरुवार को जारी किए गए है, उनको बता दिया गया है कि समय पर निर्माण के दौरान निरीक्षण करें व इसकी रिपोर्ट नियमित रुप से दी जाए। ऐसा नहीं होने पर अब वेतन वृद्धि रोकने के बजाए विभागीय कार्रवाई करते हुए निलंबन सहित अन्य दंड दिया जाएगा। भवन मंजूरी के आवेदन में कन्सलटेंट द्वारा पर्यवेक्षण किये जाने संबंधी प्रमाण-पत्र संलग्न किया जाता है, अनुमति के विपरित, स्वीकृत मानचित्र के विपरित निर्माण होने पर प्रचालित नियमानुसार कन्सलटेंट भी उत्तरदायी होते है इस कारण ऐसे भवनों का प्रकरण तैयार कर प्रस्तुत करना कन्सलटेंट की भी जिम्मेदारी होती है। इसलिए ही इनको नोटिस जारी किया जाकर तीन दिन का समय दिया गया है। पत्रिका

पत्रिका 11/12/21

नए नियम की सूचना निगम ने की जारी

# अब निर्माण के पहले नजूल से भी लेना होगी एनओसी

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**रतलाम.** शहर में पनप रही अवैध कॉलोनी व उनपर हो रही सतत कार्रवाई के बाद अब तुरंत प्रभाव से नए नियम लागू कर दिए गए हैं। नए नियम के अनुसार अब किसी भी प्रकार के निर्माण के लिए नगर निगम के साथ - साथ नजूल की भी मंजूरी लेना अनिवार्य होगा।

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम 2012 व नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय के परिपत्र में दिए प्रावधानों के अनुसार शहर में भवन निर्माण हेतु नजूल विभाग की अनापत्ति (एनओसी) प्राप्त किये जाने के बाद ही नगर निगम द्वारा भवन निर्माण अनुमति नियमानुसार प्रदान की जाएगी। रतलाम विकास प्राधिकरण, मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना मंडल की कालोनियां तथा नगर तथा ग्राम निवेष विभाग से स्वीकृत/अनुमोदित कालोनियों को छोड़कर शहर के सभी स्थानों पर सभी प्रकार की भवन निर्माण अनुमति हेतु नजूल विभाग की अनापत्ति (एनओसी) को अनिवार्य किया गया है।

पत्रिका

# ओमिक्रोन के खतरे से पर्यटन, शादी, बाजार भी प्रभावित

## तीसरी लहर की आशंका में तय नहीं हो पा रहा आयोजन का स्वरूप, शादी की बसों की बुकिंग भी निरस्त होने लगी

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना काल के करीब दो साल में सबसे ज्यादा प्रभावित हुए टूर, होटल, मांगलिक आयोजन व इससे जुड़े बाजार में अब तीसरे साल के सीजन में भी ओमिक्रोन का खतरा मंडरा रहा है। कोरोना की तीसरी लहर की आशंका में दिसंबर माह के अंत व नववर्ष शुरुआत के पर्यटन पर असर आ गया है। इसके साथ ही टूर व शादी समारोह में लगने वाली बसों की बुकिंग भी निरस्त होने लगी है।

दरअसल कोरोना की पहली व दूसरी लहर में धार्मिक, मांगलिक आयोजनों में उपस्थिति की सीमा 100 तक सीमित कर दी गई थी। इसके बाद जब संक्रमण कुछ कम हुआ तो भी ज्यादा छूट नहीं दी गई। दूसरी लहर से बिगड़े हालतों में वैक्सीनेशन महाअभियान के बाद अब जब सबकुछ सामान्य होने लगा तो ओमिक्रान का खतरा होने से बाजार संक्रमित होता दिखाई दे रहा है।

हालात यह है कि दिसंबर अंत में जिन प्रमुख ट्रेनों में वेटिंग के टिकट भी नहीं मिलते थे, उनमें अब आसानी से जगह मिल रही है या नाममात्र की वेटिंग चल रही है। तिरूपति बालाजी जाने के लिए नागदा से गुडूर स्टेशन तक की यात्रा में जयपुर से चैन्नई जाने वाली ट्रेन में 25 दिसंबर को थर्ड एसी में 11, 27 दिसंबर को 03 व एक जनवरी को मात्र एक वेटिंग है। इसी ट्रेन में स्लीपर क्लास में 25 दिसंबर को 36, 27 को 12 व एक जनवरी को 3 वेटिंग है। आमतौर पर इस ट्रेन में वेटिंग 100 से अधिक ही रहती है। इसी तरह रतलाम से श्रीमाता वैष्णोदेवी जाने के लिए 25 दिसंबर से 1 जनवरी के बीच एक या दो वेटिंग चल रही है।



10आरएटी-29 : मास्क नहीं लगाने वालों से जुर्माना वसूलते हुए निगमकर्मी। ● नईदुनिया

### घट गए टूर पैकेज




शहर के टूर पैकेज कंसल्टेंट योगेश शर्मा ने बताया कि शहर व जिले से दिसंबर व जनवरी माह में टूर पैकेज के लिए सर्वाधिक बुकिंग होती है। नवंबर की शुरुआत तक सबकुछ अच्छा होता दिख रहा था। तब लगातार इन्कवायरी आई और दक्षिण भारत, पूर्वोत्तर के लिए भी बुकिंग की गई। ओमिक्रान के खतरे के चलते अब 25 से 30 प्रतिशत लोगों ने अपना प्लान बदला है।

### जनवरी में बसों की बुकिंग कम

जिला बस एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेंद्रसिंह गुर्जर ने बताया कि 15 जनवरी के बाद मांगलिक आयोजनों की शुरुआत होगी। एक्सपर्ट ने जनवरी माह में तीसरी लहर का पीक आने की संभावना जताई है। इसके चलते शादी समारोह की बुकिंग कम हो गई है। छोटे वाहनों की पूछताछ ज्यादा है। धार्मिक यात्राएं भी स्थगित हो रही हैं। बस उद्योग को बड़ा नुकसान हो रहा है।

### नियमों की जानकारी दे रहे हैं

अमृत गार्डन मैरिज गार्डन के संचालक ललित दख ने बताया कि जनवरी माह की बुकिंग में कोरोना गाइडलाइन व तत्कालीन समय में जो भी परिस्थिति बने, उस मान से नियमों के पालन की जानकारी देकर ही बुकिंग ले रहे हैं। तीसरी लहर आती है तो मांगलिक आयोजनों की उपस्थिति पर असर आना तय है।

## स्मार्ट मीटर पावर फैक्टर के रूप में दिला रहे लाखों की छूट

**बिजली**

- परिसरों की आंतरिक बिजली व्यवस्था आदर्श होने पर मिलती है छूट
- रतलाम शहर में भी लाखों रुपये की छूट दी गई

रतलाम। किसी भी परिसर के अंदर की बिजली व्यवस्था उपकरणों की कुशलता और अन्य मापदंडों का अच्छा होना बिजली उपभोक्ताओं को तीन करोड़ रुपये तक दिला सकता है। स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को मालवा-निमाड़ में इसी तरह अब तक तीन करोड़ रुपये की छूट प्राप्त हुई है। रतलाम शहर में भी लाखों रुपये की छूट दी गई है।

मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक अमित तोमर ने बताया कि नियामक आयोग के आदेशानुसार पावर फैक्टर दशमलव 85 या ऊपर होने पर एक रुपये यूनिट तक की छूट दी जाती है। इंदौर शहर में इस तरह की छूट दो करोड़ रुपये तक दी गई है, जबकि शेष राशि रतलाम, उज्जैन, खरगोन, देवास, महू के उपभोक्ताओं को दी गई है। तोमर ने बताया कि उपभोक्ता सुविधा के दृष्टिकोण से स्मार्ट मीटर काफी कारगर साबित हो रहे हैं। स्मार्ट मीटर बिजली बंद होने की सूचना भी कंट्रोल रूम देते हैं। इससे आपूर्ति व्यवस्था में पहले से और सुधार आया है। उपभोक्ता मोबाइल पर स्मार्ट मीटर लाइव देख सकते हैं। इसके साथ ही पावर फैक्टर का भी हर माह हजारों उपभोक्ता लाभ ले रहे हैं। अब तक 1.35 लाख बिलों के माध्यम से तीन करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि पावर फैक्टर के रूप में प्रदान की जा चुकी है।

**संसाधनों के लिए उत्तम**

पावर फैक्टर वह तकनीकी गणना होती है, जो बिजली लाइनों के व्यवस्थित चलने और उपकरणों के उपयोग से कोई भी परेशानी नहीं आने की स्थिति मापती है। 0.85 से ऊपर पावर फैक्टर अच्छी अवस्था मानी जाती है। इसी आधार पर किसी कारखाने, व्यावसायिक परिसर, माल्स या अन्य गैर घरेलू उपभोक्ता को छूट देकर लाभान्वित किया जाता है।

## मास्क नहीं लगाने वाले 81 लोगों से जुर्माना वसूला



खुले में गंदगी करने पर नीलेश डाट की पुल से 200, अजहर अली सागोद रोड, जितेंद्र बाजना बस स्टैंड, संतोष किराना, पृथ्वीराज जावरा रोड, सुभाष, प्रदीप मालवीय, पंकज, नदीम, स्टेशन रोड, सुनील महू रोड, समरथमल मित्र निवास रोड से 100-100, अनिल-रमेश, सोनू सागोद रोड, राजेश, किशोर, संदीप पाटीदार बाजना बस स्टैंड, धर्मेंद्र अमृत सागर, प्रदीप डाट की पुल, रमेश, कालू, विज्जू, जावरा रोड, महेंद्र स्टेशन रोड, आकाश, पांडे, विजय महू रोड, शिवनारायण, विकास, सिद्धार्थ कुमार मित्र निवास रोड व विष्णु बैरागी पोलोग्राउंड से 50-50 रुपये का जुर्माना वसूला गया। स्पाट फाइन दल द्वारा सभी को भविष्य मे गंदगी नहीं करने की समझाइश दी गई। इसके अलावा नगर विभिन्न क्षेत्रों में बिना मास्क वाले 81 व्यक्तियों से 100-100 रुपये का स्पाट फाइन पर मास्क अनिवार्य रूप से लगाने की समझाइश दी गई।

नईदुनिया 11/12/21

## 18 करोड़ की लागत से शहर की तीन सड़कें होगी फोरलेन में तब्दील

# निगम बनाएगा शहर को स्मार्ट, ठेकेदार कंपनी के लड़खड़ाते कार्य पर दिखाया 'बाहर का रास्ता'

पत्रिका

**एक्सक्लूसिव**

**सौरभ पाठक**
patrika.com

**रतलाम.** मिनी स्मार्ट सिटी के तहत अब रतलाम को स्मार्ट बनाने का जिम्मा नगर निगम के कंधों पर आ गया है। शहर में मिनी स्मार्ट के तहत स्वीकृत कार्यों की धीमी गति से परेशान प्रशासन ने फर्म को बाहर का रास्ता दिखा दिया है। ऐसे में अब जो भी काम शेष रह गए है, वह नगर निगम पूरे करेगा। फिलहाल जो प्रमुख तीन काम है, उनमें दो सिटी फोरलेन और एक टू-लेन है, जिनके डीपीआर बनकर सबमिट हो गए है।

मिनी स्मार्ट सिटी का काम पूर्व में भोपाल की एक फर्म को दिया गया था, जो कि कछुआ चाल से काम कर रही थी। कंपनी के जिम्मेदारों को काम की गति बढ़ाने के निर्देश दिए जाने के बाद भी जब स्थिति में सुधार नहीं आया तो प्रशासन द्वारा कंपनी से काम छीन कर उसे बाहर कर दिया। दरअसल धीमी गति से कार्य होने से आमजन को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। ऐसे में आए दिन की शिकायतों से प्रशासन भी परेशान हो गया था जिसके बाद निर्णय लिया और उक्त फर्म को दिया गया काम उससे वापस ले लिए गए।



### 18.5 करोड़ में बनेगी सड़कें

| | | |
|---|---|---|
| **3.5 करोड़** | 450 मीटर | महाराणा प्रताप चौराहा सैलाना बस स्टैंड से लोकेंद्र टॉकिज सिटी फोरलेन |
| **5.5 करोड़** | 800 मीटर | पावर हाउस रोड से शास्त्री नगर होकर न्यू रोड से जोड़ना सिटी फोरलेन |
| **9.5 करोड़** | 2600 मीटर | जवाहर नगर अंबे माता चौक से गांधी नगर होकर रेलवे की सीमा तक टू-लेन |

### 15 फरवरी तक शुरू होगा काम

निगम द्वारा आगामी माह में तीनों सिटी फोरलेन के टेंडर जारी कर दिए जाएंगे। दरअसल 15 फरवरी तक प्रक्रिया पूरी कर निर्माण कार्य शुरू करने की योजना है जिससे कि जून में मानसून आने के पहले काम समय पर पूरा हो सके और लोगों को आवागमन में किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। दरअसल शहर में बीते दो वर्षों से पूर्व की फर्म द्वारा धीमी गति से काम किया जा रहा था और गुणवत्ता को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे थे। कंपनी की शिकायतों से परेशान अधिकारियों ने उसे बाहर कर दिया।

### ऐसी नजर आएगी सड़कें

तीनों प्रमुख सड़कें फोरलेन बनेगी बीच में डिवाइडर बनाए जाने के साथ ही सेंटर लाइटिंग फुटपाथ और बेहतर ड्रेनेज सिस्टम तैयार किए जाएंगे। पूर्व में शास्त्री नगर सिटी फोरलेन को अधिक स्मार्ट बनाने के लिए बिजली की लाइन भी अंडर ग्राउंड किया जाना प्रस्तावित किया गया था, जिस पर मंथन चल रहा है।

**ये 3 बड़े काम है शेष:-**
शहर की सड़कों को सिटी फोरलेन में तब्दील करना है, जिम्मेदारी अब नगर निगम को सौंपी गई है। निगम शहर की 3 महत्वपूर्ण और प्रमुख सड़कों को सिटी फोरलेन में तब्दील करना है, जिसमें एक महाराणा प्रताप चौराहा सैलाना बस स्टैंड से लोकेंद्र टॉकिज, दूसरा पावर हाउस रोड से शास्त्री नगर की मुख्य सड़कों को फोरलेन में बदलकर न्यू रोड से जोड़ना और तीसरा काम जवाहर नगर में अंबे माता चौक से रेलवे के इंस्टीट्यूट तक मार्ग चौड़ी करण किया जाना है।

### डीपीआर सबमिट

स्मार्ट सिटी के तीनों कामों के डीपीआर सबमिट हो गए है। इनमें दो सिटी फोरलेन और एक टू लेन का काम होगा। नए सिरे से पूरा काम शुरू होगा। तकनीकी स्वीकृति के लिए शासन को भेजा जाएगा। जल्द ही इसमें स्वीकृति मिलने के बाद टेंडर प्रक्रिया शुरू कर देंगे। मानसून के पूर्व काम पूरा किया जाएगा। **सोमनाथ झारिया,** आयुक्त, नगर निगम, रतलाम

पत्रिका!

पत्रिका 11/12/21

## लोक अदालत में 53 मामले पूरी तरह खत्म कर दिए जाएंगे

रतलाम. राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 11 दिसंबर को किया जा रहा है। पूरे देश के साथ ही जिले में भी यह आयोजन हो रहा है। इसके लिए 36 खंडपीठ बनाई गई है। लोक अदालत में शासन के निर्देशानुसार 53 मामले खत्म कर दिए जाएंगे। ये वे मामले हैं जो अब निष्प्रभावी हो गए हैं। यह जानकारी जिला प्रधान न्यायाधीश राजेश कुमार गुप्ता ने शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने बताया 11 दिसंबर की लोक अदालत में जिलेभर में करीब 10 हजार प्रकरण लगाए जाएंगे। इनमें से पांच सौ केस ऐसे हैं जो न्यायालयों में चल रहे हैं जबकि शेष केस विभिन्न विभागों के हैं। इनमें नगर निगम, बिजली कंपनी, बैंक, बीएसएनएल सहित दूसरे विभाग हैं। इनमें राजनीनामा या राशि जमा करवाकर इन केसों को खत्म किया जाएगा। खास बात यह है कि शासन के निर्देशानुसार ऐसे प्रकरणों को खत्म किया जाना है जो निष्प्रभावी हो गए हैं। जिले में ऐसे 53 आपराधिक मामले हैं जिनका अब कोई महत्व नहीं रह गया है। इन मामलों में दंड लगाकर खत्म किया जाना है। ये वे मामले हैं जिनमें न तो चालान पेश हो रहा है और न ही कोई गवाही हो पा रही है।

पत्रिका 11/12/21

## नेशनल लोक अदालत आज, 36 खण्डपीठों को किया गठन

रतलाम। नेशनल लोक अदालत का शुभारम्भ 11 दिसम्बर को प्रातः 10.30 बजे से जिला न्यायालय के ए.डी.आर. सेंटर पर किया जाएगा। साथ ही तहसील न्यायालय जावरा, सैलाना तथा आलोट में भी नेशनल लोक अदालत का शुभारम्भ होगा। नेशनल लोक अदालत के लिए 36 खण्डपीठों का गठन किया गया है। जिला न्यायालय रतलाम हेतु 18, तहसील न्यायालय जावरा के लिए 9, आलोट के लिए 6 तथा सैलाना के लिए 3 खण्डपीठों का गठन किया गया है।

## आज राष्ट्रीय लोक अदालत

रतलाम ● जिला न्यायालय रतलाम एवं तहसील न्यायालय जावरा, सैलाना व आलोट में नेशनल लोक अदालत का आयोजन 11 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से किया जाएगा। इसके लिए 36 खण्डपीठ का गठन किया गया है। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए यह जानकारी दी।

स्वदेश 11/12/21

**लापरवाही** • अफसरों की लेटलतीफी से बिगड़ रही मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की छवि, सितंबर 2015 में की थी घोषणा

# 6 साल से रिंग रोड फाइलों में, मुआवजा देने अफसरों को नहीं मिल रहा है जमीनों के मूल्यांकन का टाइम

भास्कर संवाददाता | रतलाम

नगर को महानगर की तरह विकसित करने के लिए बनने वाला रिंग रोड छह साल से फाइलों में घूम रहा है। तीन साल पहले लागत कम करने के लिए प्लान बदलने से योजना अटक गई। अब सब कुछ तैयार है, टेंडर हो चुके तो मुआवजा नहीं बंटने से काम शुरू नहीं हो पा रहा। इसका ठीकरा अफसर एक-दूसरे पर फोड़ रहे हैं। पीडब्ल्यूडी के अनुसार नोटिफिकेशन होना है। राजस्व विभाग कहता है प्रस्ताव बनाकर भेज चुके। भू-अर्जन अधिकारी कहते हैं पीडब्ल्यूडी से परिसंपत्तियों का मूल्यांकन होकर आ जाए तो आगे की कार्रवाई करें। अधिकारियों की यह लापरवाही मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की छवि बिगाड़ रही है क्योंकि सितंबर 2015 में मुख्यमंत्री ने रिंग रोड की घोषणा की थी। सैलाना रोड परशुराम विहार कॉलोनी के पास नंदलई फंटे से शुरू होकर सालाखेड़ी मांगरोल फंटे तक बनने वाले 20.75 किमी लंबे पश्चिमी रिंग रोड के दायरे में 65 किसानों की जमीन, कुएं, मकान, पेड व अन्य संपत्तियां आ रही हैं। सालाखेड़ी से बंजली बायपास तक का आधा पूर्वी रिंग रोड बना हुआ है। इसमें सालाखेड़ी से सेजावता फंटे तक 9 किमी का फोरलेन (महू-नीमच फोरलेन का हिस्सा) और सेजावता फंटे से बंजली तक 4.6 किमी का बंजली बायपास शामिल हैं।

## 65 से ज्यादा किसानों की जमीन व संपत्तियां होंगी अधिगृहीत, 7 करोड़ का मुआवजा बंटेगा

### रिंग रोड प्रोजेक्ट

**कहां से कहां** - नंदलई फंटे से सालाखेड़ी मांगरोल फंटे तक

**लंबाई** - 20.75 किमी

**चौड़ाई** - 7 मीटर (टू लेन)

**मुआवजा बंटना है** - 7 से 9 करोड़ रुपए

**लागत** - 43.28 करोड़ रुपए

**इन गांवों से गुजरेगा** - नंदलई, जुलवानिया, बिबड़ौद, खेतलपुर, सागोद, हरथली, मथुरी, तीतरी, करमदी होकर सालाखेड़ी मांगरोल।

### मुआवजे के चक्कर में ठेकेदार ने कर दिया था मना

इस बार भी मुआवजे नहीं बंटने से रिंग रोड का काम चालू नहीं हो पाया तो इसके दोष प्रशासन पर जाएगा। इसके पहले 2018 में पहला टेंडर निकला था। इंदौर की कंपनी को 5 सितंबर 2018 को वर्क ऑर्डर हुआ, लेकिन मुआवजा नहीं बंटने से काम शुरू नहीं हो पाया था। इस कारण 18 महीने की समय सीमा बीतने पर ठेकेदार ने काम करने से मना कर दिया था। एस्टीमेट रिवाइज होने के बाद हुए दूसरी बार में राजगढ़ की कंपनी का टेंडर हुआ है। भूमि अधिग्रहण के बाद ले-आऊट मिलते ही कंपनी काम चालू कर देगी। अक्टूबर में पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने दावा किया था कि दीपावली काम शुरू हो जाएगा। उसे गुजरे एक माह से ज्यादा का समय हो गया, अब तक मुआवजा बंटना शुरू नहीं हो पाया है।

### रिंग रोड से फायदा : शहर के बीच ट्रैफिक से होकर नहीं गुजरना पड़ेगा

1. शहर का दायरा • सागोद रोड, जुलवानिया रोड, नंदलई फंटे तक फैल जाएगा।
2. एक दर्जन • से ज्यादा गांव सीधे शहर से जुड़ जाएंगे।
3. व्यापार बढ़ेगा • क्योंकि किसानों को उपज, सब्जी, दूध सहित अन्य सामान लाने ले जाने में आसानी होगी।
4. भारी वाहन • शहर में घुसने की बजाए सीधे रिंग रोड होकर बाहर निकल जाएंगे।

### जल्द काम शुरू करवाएंगे

*भूमि अधिग्रहण के पहले नोटिफिकेशन होना है। उसके बाद मुआवजा बंटेगा। राजगढ़ की कंपनी का टेंडर हो चुका है, जल्द काम शुरू हो जाएगा।*

**पीके राय,** प्रभारी एसडीओ पीडब्ल्यूडी

### प्रस्ताव भेज दिया गया है

*रिंग रोड का मुआवजा बंटने के लिए हमारी तरफ से प्रस्ताव चला गया है। आगे की कार्रवाई पीडब्ल्यूडी और भूअर्जन अधिकारी को करना है।*

**गोपाल सोनी,** तहसीलदार

### मुआवजा मिलते ही बंटवा देंगे

*नोटिफिकेशन होना है। परिसंपत्तियों का मूल्यांकन आना है। पीडब्ल्यूडी करके भेज देगा तो जल्द से जल्द मुआवजा बांटने की कार्रवाई शुरू कर देंगे।*

**अभिषेक गेहलोत,** एसडीएम

भास्कर

दै. भास्कर 11/12/21

# मुख्यमंत्री आज आएंगे रतलाम, दौरे के पहले मेडिकल कॉलेज में व्यवस्था दुरुस्त

## सीएम डेढ़ घंटे रहेंगे रतलाम में, उज्जैन संभाग आयुक्त ने रतलाम पहुंचकर लिया व्यवस्थाओं का जायजा





रतलाम. कोरोना की संभावित तीसरी लहर को देखते हुए रतलाम मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य सुविधाओं के हाल जानने के लिए मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान शनिवार सुबह रतलाम आएंगे। यहां मेडिकल कॉलेज में समीक्षा बैठक लेने के साथ ही अमृत गार्डन में आयोजित विवाह समारोह में शामिल होंगे। सीएम के रतलाम दौरे के पूर्व यहां की व्यवस्थाओं के हाल जानने के लिए शुक्रवार को संभागायुक्त संदीप यादव रतलाम पहुंचे।

संभागायुक्त रतलाम पहुंचने के बाद कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष में पहुंचे और निर्वाचन आयोग की वीडियो कांफ्रेंस में शामिल हुए। यहां के बाद वह मेडिकल कॉलेज पहुंचे और मुख्यमंत्री के रतलाम भ्रमण को लेकर चल रही तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उनके द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। मेडिकल कॉलेज में ऑक्सीजन प्लांट के साथ यहां मरीजों के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं की वस्तुस्थिति का जायजा भी लिया गया। इस दौरान कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

### डेढ़ घंटे रहेंगे रतलाम में

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शनिवार की सुबह 11 बजे हेलीकॉप्टर से बंजली हवाई पट्टी आएंगे। यहां आने के बाद वह मेडिकल कॉलेज में समीक्षा बैठक लेने के साथ ही स्थानीय कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। यहां के बाद मुख्यमंत्री दोपहर 12.30 बजे बंजली हवाई पट्टी से प्रस्थान करेंगे। सीएम के पहुंचने से पहले प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री तथा रतलाम जिले के प्रभारी मंत्री ओ.पी.एस. भदौरिया सुबह 7.30 बजे रतलाम सर्किट हाउस आएंगे। इसके पश्चात बाद 10.45 बजे बंजली हवाई पट्टी पहुंचेंगे और फिर 11 बजे से मुख्यमंत्री के साथ कार्यक्रमों में शामिल होंगे। पत्रिका

### सुरक्षा चाक-चौबंद

सीएम के रतलाम दौरे को लेकर पुलिस ने भी सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। सीएम की सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के लिए अतिरिक्त बल भी लगाया जाएगा। इसे लेकर शुक्रवार को पुलिस लाइन स्थित मैदान पर ड्यूटी में तैनात पुलिस के अधिकारी और जवानों को पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की बात कही है। सीएम की सुरक्षा को लेकर अल सुबह से ही सीएम की आवाजाही वाले मार्ग पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे।

पत्रिका 11/12/21

# लापरवाही : निगम के 2 प्रभारी सहायक यंत्री व 6 उपयंत्रियों की एक-एक वेतन वृद्धि रोकी

रतलाम ● स्वदेश समाचार

नगर में अनुमति के विपरीत, स्वीकृत मानचित्र के विपरित निर्मित भवनों के प्रशमन प्रकरण के नोटिस जारी नहीं किये जाने तथा प्रशमन प्रकरण तैयार करवाकर ऑन लाईन राशि जमा नहीं करवाये जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार 2 प्रभारी सहायक यंत्री सहित 6 उपयंत्रियों की एक-एक वेतन वृद्धि रोकी गई।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा 12 नवम्बर को बैठक में प्रभारी सहायक यंत्री व समस्त उपयंत्रियों को निर्देशित किया था कि वे अपने-अपने वार्डों में अनुमति के विपरीत, स्वीकृत मानचित्र के विपरित निर्मित भवनों के प्रशमन प्रकरण के नोटिस जारी करें व प्रशमन प्रकरण तैयार करवाकर ऑन लाईन राशि जमा करवायें। निर्देशों की पालना में कोई कार्यवाही नहीं किये जाने पर नोटिस जारी किये जाने पर भी प्रभारी सहायक यंत्री व उपयंत्रियों द्वारा प्रकरण में कोई कार्यवाही नहीं किये जाने व नोटिस का जवाब नहीं दिये जाने पर प्रभारी सहायक यंत्री एम.के. जैन, अनवर कुरेशी के अलावा उपयंत्री राजेन्द्र मिश्रा, राजेश पाटीदार, ब्रजेश कुशवाह, सुश्री दीक्षा निजामपुरकर व श्रीमती अनिता ठाकुर की एक-एक वेतन वृद्धि रोकी गई। निगम आयुक्त श्री झारिया के निर्देशों के तहत प्रभारी सहायक यंत्री श्याम सोनी द्वारा अपने वार्ड में प्रशमन प्रकरण नोटिस जारी कर प्रकरण तैयार कर 27 लाख की राशि ऑन लाईन जमा करवाई गई व नोटिस का जवाब भी प्रस्तुत किया गया।

## लायसेंस प्राप्त 59 कन्सलटेंट को सूचना पत्र जारी

इसके अलावा नगर निगम से लायसेंस प्राप्त 59 कन्सलटेंट को भी तीन दिवस में अपने-अपने क्षेत्रों में इंजीनियरों के माध्यम से अनुमति के विपरित व स्वीकृत मानचित्र के विपरित निर्माण करने वाले भवन स्वामियों से तीन दिवस में ऑन लाईन आवेदन जमा कराने हेतु नोटिस जारी किया गया है एक भी प्रकरण लंबित पाया गया तो संबंधित कन्सलटेंट का लायसेंस निरस्त किया जायेगा क्योंकि नगर निगम द्वारा प्रदान की जाने वाली भवन अनुज्ञा में कन्सलटेंट द्वारा पर्यवेक्षण किये जाने संबंधी प्रमाण-पत्र संलग्न किया जाता है, अनुमति के विपरित, स्वीकृत मानचित्र के विपरित निर्माण होने पर प्रचलित नियमानुसार कन्सलटेंट भी उत्तरदायी होते है इस कारण ऐसे भवनों का प्रशमन प्रकरण तैयार कर प्रस्तुत करना कन्सलटेंट की भी जिम्मेदारी होती है।

## गंदगी करने पर 26 एवं मास्क नहीं लगाने पर 57 व्यक्तियों पर जुर्माना

नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं, मलबा डालकर अतिक्रमण करते है उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत गुरुवार को 26 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया। इसके अलावा नगर विभिन्न क्षेत्रों में बिना मास्क वाले 57 व्यक्तियों पर 100-100 रुपये का स्पॉट फाईन पर मास्क अनिवार्य रूप से लगाने की समझाईश दी गई।

स्वदेश 11/12/21

**भूमाफिया पर शिकंजा** • 73 साल में पहली बार सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा व अवैध कॉलोनियां काटने वालों पर चल रहा सरकार का डंडा

# अब तक 74 करोड़ की जमीन अतिक्रमण मुक्त

## 54 अवैध कॉलोनी काटने वाले 40 कॉलोनाइजरों पर केस दर्ज

भास्कर संवाददाता | रतलाम

रतलाम जिला (1948) बनने के बाद से अब तक के 73 साल में पहला मौका है, जब रसूखदार भूमाफियां पर इतनी सख्ती से सरकारी डंडा चला है। अक्टूबर से दिसंबर तक चली कार्रवाई में जिले की 74 करोड़ रुपए कीमत वाली सरकारी जमीनों का अतिक्रमण जमींदोज किया गया। वहीं, बिना अनुमति बनाई जा रही 54 अवैध कॉलोनियों का निर्माण तोड़ा है। इतना ही नहीं 40 कॉलोनाइजरों पर एफआईआर भी दर्ज करवाई जा चुकी है। अफसरों के पास अभी भी आठ से ज्यादा कब्जे वाली सरकारी जमीन और अवैध कॉलोनियों की लिस्ट है। जांच चल रही है। अगले सप्ताह इनके खिलाफ कार्रवाई शुरू होगी।

### 36 कॉलोनियों पर सख्ती

भूमाफिया के खिलाफ सबसे बड़ी कार्रवाई रतलाम शहर में हुई है। सितंबर में जांच के बाद 15 अवैध कॉलोनियां मिली। इनमें से 9 पर कार्रवाई होकर 17 कॉलोनाइजरों पर पुलिस केस दर्ज हो चुका है। अब बारी सागोद रोड, होमगार्ड रोड, महू-नीमच फोरलेन, सैलाना रोड की है, जहां बड़े पैमाने पर कॉलोनियां बन रही हैं। राजस्व और नगर निगम का अमला इनकी जांच में जुटा है। जावरा में प्रशासन ने 36 अवैध कॉलोनियों में बिना परमिशन के किए निर्माण को तोड़ा था, अब तक कॉलोनाइजरों पर एफआईआर नहीं हो पाई है।

### अभी भी अतिक्रमण में फंसी सरकारी जमीन और 8 से ज्यादा अवैध कॉलोनियों की चल रही है जांच

### रतलाम : तीन माह से चल रही अतिक्रमण हटाने की मुहिम

- 4 दिसंबर को छत्रीपुल नाले के पास सरकारी जमीन पर बने राइट सर्विसेस और जीएन ऑटोडील व सर्विस सेंटर का अतिक्रमण तोड़कर 8 करोड़ रुपए कीमत की 10800 वर्गफीट जमीन मुक्त कराई।
- 3 अक्टूबर को सैलाना रोड तिरुपति नगर से लगी 30 करोड़ रुपए बाजार मूल्य वाली सर्वे नंबर 278 की 35000 वर्गफीट सरकारी भूमि से 10 लोगों का अतिक्रमण हटाकर कब्जे में ली।
- 5 अक्टूबर को सैलाना रोड क्षेत्र से 6 करोड़ रुपए बाजार मूल्य वाली 5000 वर्गफीट सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराकर कब्जे में लिया गया।
- 17 मार्च को अमृत सागर तालाब के समीप अवैध निर्माण हटा 8 करोड़ की 0.830 हेक्टेयर सरकारी जमीन मुक्त की। 2 अक्टूबर से 17 नवंबर तक पांच बार में धोलावड़ रोड, कनेरी रोड, ऊंकाला रोड, अशोक नगर ग्रीन सिटी के पीछे बिना अनुमति विकसित की जा रही 9 अवैध कॉलोनियों के निर्माण को जमींदोज किया।

### ताल : चार कॉलोनियों का सीसी रोड तोड़ा

अगस्त 2021 में चार कॉलोनियों में सीसी रोड को आंशिक तोड़ा। 9 कॉलोनाइजरों पर एफआईआर।

- 10 जुलाई सांवलिया रुंडी के किसान थावरा भावर को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने 16 बीघा जमीन वापस की। 1961 में यह जमीन कुछ लोगों ने हथिया ली थी। 1987 में तत्कालीन एसडीएम ने 1961 में जमीन का विक्रय शून्य घोषित कर दिया था। बावजूद इसके थावरा के परिवार को जमीन पर कब्जा नहीं मिला।
- 30 नवंबर को कलेक्टर ने उज्जैन निवासी महिला दीपा पति लाल सिंह चंद्रा को विंध्यवासिनी ड्रीम सिटी के कॉलोनाइजर निर्मल राठौड़, सैयद शराफत हुसैन मेसर्स बालाजी बिल्डिंग मटेरियल से 98 हजार रुपए दिलवाए। बिना रसीद व एग्रीमेंट के बावजूद कॉलोनाइजर रजिस्ट्री नहीं करवा रहा था।

**ढोढर** - 10 अक्टूबर को 20 करोड़ की 17000 वर्गफीट जमीन पर लालाओं द्वारा बनाई 108 दुकानों को तोड़ा। ये जमीन सरकार ने जिनिंग फैक्टरी के लिए दी थी।

**आलोट** - 13 अक्टूबर को ग्राम भूतिया में की 45 बीघा जमीन अतिक्रमण से मुक्त कराई। 1.5 करोड़ कीमत वाली जमीन गोशाला को सौंपी गई।

**नामली** - अक्टूबर में पल्दुना फंटे पर पांच अवैध कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू हुई। 14 कॉलोनाइजरों के खिलाफ केस दर्ज।

**जावरा** - अक्टूबर-नवंबर में 36 अवैध कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बिना अनुमति बनाई सीसी व डब्ल्यूबीएम सड़क को तोड़ा।

*सरकारी जमीनों के अवैध कब्जेदार और अवैध कॉलोनियां विकसित करने वाले भूमाफिया के खिलाफ कार्रवाई चलेगी। प्रशासन को शिकायतें मिल रही हैं। उनकी जांच करवा रहे हैं। जल्द फिर कार्रवाई होगी।*
**कुमार पुरुषोत्तम,** कलेक्टर

भास्कर

दै. भास्कर 11/12/21

राज्य निर्वाचन आयुक्त ने समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

# पंचायत चुनाव में कोरोना गाइडलाइन का करें पालन

रतलाम



रतलाम. पंचायत चुनाव का शंखनाद होने के बाद अब लगातार इसे लेकर दिशा-निर्देश जारी किए जा रहे है। इसी संबंध में शुक्रवार को राज्य निर्वाचन आयुक्त बसंत प्रताप सिंह ने समीक्षा बैठक ली। उनके द्वारा कोरोना गाइड लाइन का पालन सख्ती से करने के निर्देश दिए गए। उन्होने इसमें किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरतने की बात कही। इस बात का ध्यान रखें की चुनाव के कारण कोरोना के प्रकरण नहीं बढ़े।

राज्य निर्वाचन आयुक्त द्वारा आयोजित बैठक मे रतलाम एनआईसी कक्ष में संभागायुक्त संदीप यादव भी शामिल हुए। उनके साथ कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम और पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी भी सहित अन्य अधिकारी वीसी में मौजूद रहे। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि जिला निर्वाचन अधिकारियों को कोई भी समस्या हो, तो मुझसे सीधे बात कर सकते हैं। किसी भी कार्य के संबंध में अनुमति की आवश्यकता हो, प्रस्ताव भेजें।

## अधिकारी एवं कर्मचारियों को स्थानांतरित करें

उन्होंने कहा कि 3 साल से अधिक समय से एक ही स्थान पर पदस्थ अधिकारी एवं कर्मचारियों को स्थानांतरित करें। अभ्यर्थियों से प्राप्त होने वाली निक्षेप राशि का लेखा-जोखा स्पष्ट रखें। आदर्श आचरण सहिंता का पालन सुनिश्चित किया जाए। संवेदनशील एवं अति-संवेदनशील मतदान केंद्रों का भ्रमण कार्यपालिक दण्डाधिकारी और पुलिस अधिकारी संयुक्त रूप से करें। हर स्तर पर सुरक्षा की समुचित व्यवस्था करें। मतगणना केंद्र पर सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था करें।

## शस्त्र लाइसेंस निलंबन

सचिव राज्य निर्वाचन आयोग ने कहा कि आदर्श आचरण सहिंता लागू हो चुकी है। ऐसे में शस्त्र लायसेंस निलंबन, संपत्ति विरूपण, कोलाहल नियंत्रण, अवैध शराब जब्ती आदि अन्य प्रतिबंधात्मक कार्यवाही गंभीरता से करें। ईवीएम का प्रबंधन बेहतर ढंग से हो। प्रथम रेन्डमाइजेशन कलेक्टर द्वारा नाम निर्देशन-पत्र प्राप्त करने की अंतिम तारीख के बाद किया जाएगा। द्वितीय रेन्डमाइजेशन रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा नाम वापसी के बाद किया जाएगा, जिसमें मतदान केन्द्रवार ईवीएम आवंटित होगी। विकासखंड स्तर पर ईवीएम के भंडारण, डीएमएम सीलिंग एवं सामग्री वितरण के पर्याप्त प्रबंध करने के निर्देश दिए।

पत्रिका

पत्रिका 11/12/21

# हादसों में छात्रा व निगम कर्मचारी की मौत

## छात्रा के भाई की दो दिन बाद है शादी, कपड़े खरीद कर घर लौटते समय हुआ हादसा

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** जिले में दो अलग-अलग हादसों में एक छात्रा व नगर निगम के एक कर्मचारी की दर्दनाक मौत हो गई। नगर निगम कर्मचारी की मौत बाइक दुर्घटनाग्रस्त होने से होना बताई गई है, जबकि छात्रा चलती बाइक में दुपट्टा आने से नीचे गिरने से दुर्घटना का शिकार हुई। पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार नगर निगम के जल प्रदाय विभाग में कार्यरत कर्मचारी 40 वर्षीय रामरतन चौहान पुत्र डाह्यमचंद्र चौहान निवासी मोतीनगर गुरुवार रात बाइक दुर्घटनाग्रस्त होने से गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बेहतर उपचार के लिए शुक्रवार सुबह उन्हें स्वजन बड़ौदा



मृतका सरिता

(गुजरात) ले जा रहे थे, दोपहर में उन्होंने पेटलावद के पास दम तोड़ दिया। दोपहर करीब साढ़े तीन बजे स्वजन उनका शव लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम रूम में रखवाया है। पोस्टमार्टम शनिवार सुबह कराया जाएगा। रामरतन के ताऊजी के पुत्र मांगीलाल चौहान ने बताया कि रामरतन डोंगरेनगर स्थित पानी की टंकी पर वाटर सप्लाय के कार्य पर तैनात थे। रामरतन गुरुवार रात नौ से दस बजे के बीच बाइक से ग्राम राजपुरा स्थित खेत पर जा रहे थे। सागोद रोड रेलवे पुलिया के पास सड़क



मृतक रामरतन

पर पड़ी गिट्टियों के चलते उनकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। इससे वे घायल हो गए थे।

**छात्रा की मौत से शादी की खुशियां मातम में बदली :** दीनदयाल नगर थाना क्षेत्र के बाजना रोड पर जामण पाटली के समीप शुक्रवार दोपहर करीब ढाई बजे चलती बाइक से गिरने पर कालेज छात्रा 24 वर्षीय सरिता पुत्री कमलकुमार चरपोटा निवासी ग्राम नायन थाना रावटी की मौत हो गई। उसके साथ बाइक पर उसकी सहेली दीपिका पुत्री कन्हैयालाल किहोरी निवासी ग्राम नायन भी थी। बाइक अशोक पुत्र सत्यनारायण देवड़ा निवासी ग्राम सुंद्रेल चला रहा था। दीपिका व अशोक ने बताया कि सरिता के भाई राकेश की 12 दिसंबर को शादी है। कपड़े व अन्य सामान खरीदकर तीनों बाइक से गांव जा रहे थे, तभी जामण पाटली के समीप सबसे पीछे बैठी सरिता के गले में पड़ा दुपट्टा बाइक के पिछले पहिये में आ गया। इससे वह नीचे गिरकर अचेत हो गई। उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। उसके घर खबर पहुंचने पर वहां मातम छा गया। वह बीए फाइनल ईयर में थी और दीनदयाल नगर में किराये के मकान में रहकर रतलाम के ही कालेज में पढ़ रही थी। वह एक हाथ से दिव्यांग है, जिसके कारण संतुलन बिगड़ने समय वह स्वयं को संभाल नहीं पाई।

नईदुनिया 11/12/21

## निगम नजूल एनओसी से ही देगा बिल्डिंग परमिशन

**रतलाम** | शहर में मकान निर्माण के लिए नगर निगम से पहले नजूल की एनओसी लेना पड़ेगी। ऐसा मप्र भूमि विकास नियम 2012 व नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय के परिपत्र के अनुसार अनिवार्य किया है। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया आरडीए, मप्र गृह निर्माण एवं अधोसंरचना मंडल और नगर तथा ग्राम निवेश विभाग से स्वीकृत कॉलोनियों को छोड़कर सभी जगह भवन निर्माण अनुमति के पहले नजूल की अनापत्ति जरूरी है।

## बिना मास्क लगाए घूम रहे 81 लोगों पर जुर्माना

**रतलाम** | कोविड संक्रमण की आशंका के बीच शहरवासी अभी भी लापरवाह बने हुए हैं। ऐसे ही बिना मास्क घूम रहे 81 व्यक्तियों को शुक्रवार को नगर निगम के अमले ने पकड़ा। प्रत्येक से 100 रुपए का जुर्माना वसूला गया। इसी प्रकार सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वाले 29 व्यक्तियों पर स्पॉट फाइन लगाया गया। यह कार्रवाई सागोद रोड, बाजना बस स्टैंड, जावरा रोड, स्टेशन रोड, महू रोड, सैलाना रोड पर हुई।

## 83 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया

**रतलाम।** नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे, सड़कों व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन कर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जा रहा है। इसके तहत शुक्रवार को 83 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया गया। डंपर से 36845, ट्रैक्टर-ट्राली से 9755, काम्पेक्टर सूखा कचरा 18755, काम्पेक्टर गीला कचरा 18550 कुल 83905 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया।

## भवन निर्माण अनुमति के लिए नजूल एनओसी जरूरी

**रतलाम।** शहर में अब भवन निर्माण के लिए नजूल एनओसी लेना जरूरी होगा। मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम 2012 व नगरीय विकास एवं आवास विभाग के परिपत्र में उल्लेखित प्रविधानों के अनुसार नजूल विभाग की अनापत्ति (एनओसी) प्राप्त किए जाने के बाद ही नगर निगम द्वारा भवन निर्माण अनुमति दी जाएगी।

## पीएंडटी कॉलोनी में शिविर, लोगों को सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

पीएंडटी कॉलोनी स्थित महाबली हनुमान मंदिर में ई पंजीयन, श्रमिक कार्ड, आयुष्मान कार्ड एवं समग्र आईडी सुधार के लिए शिविर रखा। इसमें लोगों को शासकीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ कार्ड में सुधार किया।

ज्योति खंडेलवाल ने बताया रहवासियों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलवाने के लिए कैंप रखा, ताकि सभी को योजनाओं का लाभ मिल सकें। यदि कार्ड में कोई करेक्शन हो तो वो हो सकें। शिविर में पूर्व पार्षद भगतसिंह भदौरिया, पूनम ठाकुर, लोकेंद्र आचार्य का सहयोग रहा।

## खुले में गंदगी करने पर किया जुर्माना

**रतलाम।** कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डा कर शहर को गंदा करते हैं, म ग्बा डालकर अतिक्रमण करते उन पर लगाम लगाने हेतु संब. तों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 9 दिसम्बर को 26 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया।